Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct dam on river Sharda in Sitapur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर): आपने जो मौका दिया है, उसके लिए हृदय से आभारी हूं । मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र की शारदा नदी की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं । शारदा नदी लखीमपुर और सीतापुर की सीमा के मध्य से निकली है । सीतापुर में नदी के किनारे बांध का निर्माण नहीं हुआ है, जबकि लखीमपुर की सीमा में नदी पर बांध का निर्माण है । जब नदी में बाढ़ आती है, तब हमारे संसदीय क्षेत्र की तरफ बड़े पैमाने पर बाढ़ भी आती है और कटान भी होता है । मैं आपका ध्यान इस तरफ भी आकृष्ट करना चाहता हूं कि इस तरफ बांध बन जाने की वजह से हमारे संसदीय क्षेत्र सीतापुर और संसदीय क्षेत्र धौरहरा का बहुत बड़ा भाग इससे लाभांवित होगा । मैं सरकार से यह मांग करना चाहता हूं कि जिस प्रकार से लखीमपुर की सीमा में बांध का निर्माण हुआ है, उसी प्रकार से सीतापुर की सीमा में भी नदी पर बांध का निर्माण कराया जाए, जिससे हम अपने क्षेत्र को बाढ़ से राहत दिला सकें ।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रेखा वर्मा को श्री राजेश वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।